रजिस्ट्री सं० डी(डी०)-73 REGISTERED No. D(D)-73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 51] नई दिल्ली, शनिवार, दिसम्बर 22, 1979/पौष 1, 1901
No. 51] NEW DELHI, SATURDAY, DECEMBER 22, 1979/PAUSA 1, 1901

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके ।
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-Section (i)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़ कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उपनियम आदि सम्मिलित हैं

General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc., of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)

गृह मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग)

नई दिल्ली, 15 दिसम्बर, 1979

सा०का०नि० 1512.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके, केन्द्रीय सचिवालय सेवा नियम, 1962 में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. (1) इन नियमों का नाम केन्द्रीय सचिवालय सेवा (संशोधन) नियम, 1979 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. केन्द्रीय सचिवालय सेवा नियम, 1962 (जिन्हें इसमें आगे उक्त नियम कहा गया है) के नियम 13 में :—

(i) उपनियम 6 में, निम्नलिखित परन्तुक जोड़ा जाएगा, अर्थात् :—

"परन्तु यह कि यदि पूर्वोक्त रूप में किसी वर्ष में किसी काडर में रिक्त स्थानों को सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने के लिए पर्याप्त संख्या में अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होते हैं, तो उस काडर में सीधी भर्ती के कोटा में न भरे गए रिक्त स्थानों को, उस काडर में सहायक श्रेणी की चयन सूची में सम्मिलित व्यक्तियों की अधिष्ठायी नियुक्ति द्वारा भरा जाएगा ।"

(ii) उप-नियम (6) के पश्चात् निम्नलिखित उपनियम अन्तः स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"6-क उप-नियम (6) में किसी बात के होते हुए भी, प्रत्येक काडर में 30 जून, 1979 को सीधी भर्ती के लिए आरक्षित अधिष्ठायी रिक्तियां, जिन पर उस तारीख तक कोई सीधी भर्ती नहीं की गई हैं, तथा काडर में ऐसी अधिष्ठायी रिक्तियों की संख्या का पचास प्रतिशत, केन्द्रीय सचिवालय सेवा (तृतीय संशोधन) नियम, 1979 के प्रारम्भ की तारीख के पश्चात् उस काडर में सहायकों की श्रेणी के लिए चयन सूची में सम्मिलित व्यक्तियों की अधिष्ठायी नियुक्ति द्वारा भरा जा सकेगा ।"

टिप्पण : किसी काडर में, 30 जून, 1979 को सीधी भर्ती के लिए आरक्षित अधिष्ठायी रिक्तियों की संख्या की गणना करने के प्रयोजन के लिए, सहायक श्रेणी परीक्षा, 1978 द्वारा भरे जाने के लिए आयोग को सूचित की जा चुकी रिक्तियों को अपवर्तित कर दिया जाएगा ।";

(iii) उप-नियम (7) के परन्तुकों को छोड़कर, उसके स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(7) किसी काडर में सहायक श्रेणी में अस्थायी रिक्तियों को, केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा के तत्सम्बन्धी

कार्डर के उक्त श्रेणी खंड के ऐसे अधिकारियों को, अयोग्य होने पर अस्वीकृत कर दिए जाने की शर्त के अधीन रहते हुए, ज्येष्ठता के आधार पर अस्थायी प्रोन्नति द्वारा भरा जाएगा, जिन्होंने उस श्रेणी में कम से कम पांच वर्ष अनुमोदित सेवा कर ली है और जो ज्येष्ठता की सीमा के भीतर आते हैं।"

(iv) उप-नियम (8) में, "उप-नियम (6) और (7) के प्रयोजन के लिए" पद के स्थान पर "उप-नियम (6) के प्रयोजन के लिए" पद रखा जाएगा :—

3. उक्त नियमों की चतुर्थ अनुसूची में "ख सहायक श्रेणी" शीर्ष के नीचे—(i) खण्ड 2-क में, "प्रत्याशित रिक्तियां" शब्दों के स्थान पर "प्रत्याशित अधिष्ठायी रिक्तियां" रखा जाएगा।

(ii) खण्ड 3 में,—

(क) उपखण्ड (3) में, निम्नलिखित परन्तुक जोड़ा जाएगा, अर्थात् :—

"परन्तु किसी वर्ष में किसी कार्डर में, चयन सूची से, नियम 13 के उपनियम (6) के उपबन्धों के अनुसार सीधी भर्ती की ऐसी रिक्तियों पर, जिनके लिए सीधी भर्ती द्वारा व्यक्ति उपलब्ध नहीं हैं, श्रेणी में अधिष्ठायी रूप में नियुक्त व्यक्तियों को, सीधी भर्ती के लिए आरक्षित कोटा और चयन सूची में सम्मिलित व्यक्तियों को ध्यान में लिए बिना, उस वर्ष में अन्तिम सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त व्यक्तियों के नीचे, सामूहिक रूप में रखा जाएगा।"

(ख) उपखण्ड (4) के पश्चात् निम्नलिखित उपखण्ड अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(5) नियम 13 के उपनियम (6-क) के उपबन्धों के अनुसार अधिष्ठायी रूप में नियुक्त व्यक्तियों की परस्पर ज्येष्ठता उस क्रम में नियत की जाएगी जिस क्रम में उन्हें उस कार्डर में सहायक श्रेणी के लिए चयन सूची में सम्मिलित किया गया है तथा ऐसे व्यक्ति, उसी कार्डर में सहायक श्रेणी परीक्षा, 1978 द्वारा सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त व्यक्तियों के सामूहिक रूप में ऊपर रखे जाएंगे।"

[सं० 5/26/77-के० से० (1)]

के० बी० नायर, अवर सचिव

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

(Department of Personnel and Administrative Reforms)

New Delhi, the 15th December, 1979

G.S.R. 1512.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution and in consultation with the Union Public Service Commission, the President hereby makes the following rules, further to amend the Central Secretariat Service Rules, 1962, namely :—

1. (1) These rules may be called the Central Secretariat Service (Third Amendment) Rules, 1979.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In rule 13 of the Central Secretariat Service Rules, 1962 (hereinafter referred to as the said Rules),—

(i) to sub-rule (6), the following proviso shall be added, namely :—

"Provided also that if sufficient number of candidates are not available for filling up the vacancies in cadre in any year by direct recruitment as aforesaid, the unfilled vacancies in the direct recruitment quota in that cadre shall be filled by the substantive appointment of persons included in the Select List for the Assistants' Grade in that cadre.";

(ii) after sub-rule (6), the following sub-rule shall be inserted, namely :—

"(6-a). Notwithstanding anything contained in sub-rule (6), the substantive vacancies reserved for direct recruitment as on the 30th June, 1979 in each care, against which no direct recruits have been appointed till that date, plus fifty per cent of the number of such substantive vacancies in the cadre, may be filled by substantive appointments made after the date of commencement of the Central Secretariat Service (Third Amendment) Rules, 1979, of persons included in the Select List for the Assistants' Grade in that cadre.

Note :—For the purpose of calculating the number of substantive vacancies reserved for direct recruitment as on 30th June, 1979 in any cadre, vacancies already reported to the Commission for being filled through the Assistants' Grade Examination, 1978 shall be excluded.";

(iii) for sub-rule (7), excluding the provisos thereof, the following shall be substituted, namely :—

"(7) Temporary vacancies in the Assistants' Grade in any cadre shall be filled by the temporary promotion on the basis of seniority, subject to the rejection of the unfit, of officers of the Upper Division Grade of the corresponding cadre of the Central Secretariat Clerical Service who have rendered not less than five years' approved service in that Grade, and are within the range of seniority.";

(iv) in sub-rule (8), for the expression "For the purpose of sub-rules (6) and (7)", the expression "For the purpose of sub-rule (6)" shall be substituted.

3. In the Fourth Schedule to the said Rules, under the heading "B. Assistants' Grade",—

(i) in clause 2A, for the words "anticipated vacancies", the words "anticipated substantive vacancies" shall be substituted;

(ii) in clause 3—(a) to sub-clause (3), the following proviso shall be added, namely :—

"Provided that persons appointed substantively in accordance with the provisions of sub-rule (6) of rule 13 to the Grade from the Select List in any cadre in any year, against direct recruitment vacancies for which direct recruits are not available, shall be placed en block below the last direct recruit appointed in that year, irrespective of the quotas reserved for direct recruits and persons included in the Select List."

(b) after sub-clause (4), the following sub-clause shall be inserted, namely :—

"(5) Persons appointed substantively in accordance with the provisions of sub-rule (6-a) of rule 13 shall be assigned seniority inter-se in the order in which they are included in the Select List for the Assistants' Grade in the cadre and such persons shall be placed en block above the direct recruits of the Assistants' Grade Examination, 1978 appointed in the same cadre."

[No. 5/26/77-CS(I)]

K. B. NAIR, Under Secy.

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

नई दिल्ली, 6 नवम्बर, 1979

सा० का० नि० 1513.—संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति सिक्युरिटी पेपर मिल (श्रेणी I तथा श्रेणी II के पद) भर्ती नियमावली, 1968 में और आगे संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

(1) ये नियम सिक्युरिटी पेपर मिल (श्रेणी I तथा श्रेणी II के पद) भर्ती (तीसरा संशोधन) नियमावली, 1979 कहे जाएंगे।

(2) ये नियम इनके सरकारी राजपत्र में प्रकाशित किए जाने की तारीख से लागू होंगे।

2 सिक्युरिटी पेपर मिल (श्रेणी I तथा श्रेणी II के पद) भर्ती नियमावली, 1968 की अनुसूची में, डेपुटी वर्क्स मैनेजर के पद से संबंधित क्रम संख्या 4 तथा इससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात्, निम्नलिखित क्रम संख्या और प्रविष्टियों को जोड़ दिया जाएगा, अर्थात् :—

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	प्रवरण अथवा अप्रवरण पद	सीधी भर्ती के लिए आयु सीमा	सीधी भर्ती वालों के लिए मांगी गई शैक्षिक तथा अन्य अर्हताएं
1	2	3	4	5	6	7
सहायक वर्क्स मैनेजर (मोल्ड कवर बनाने का संयंत्र)	1	जी० सी० एस० समूह "ख" राजपत्रित गैर-सचिवीय	840-40-1000-द०रो०-40-1200 रु०	प्रवरण	35 वर्ष से अधिक नहीं (सरकारी कर्मचारियों के लिए छूट) टिप्पणी :—आयु-सीमा के निर्धारण के लिए निर्णायक तिथि भारत में (अन्डमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप को छोड़कर) अभ्यार्थियों से प्रार्थना-पत्र की प्राप्ति की तारीख ही अंतिम तारीख होगी।	अनिवार्य : (1) मेकेनिकल अथवा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग अथवा फाइन आर्ट्स (एंग्रेविंग) में डिप्लोमा अथवा विज्ञान, जिसमें रसायन विज्ञान भी एक विषय हो, में किसी मान्यता विश्वविद्यालय से डिग्री प्राप्त हो या इसके सम-कक्ष हो। (2) एंग्रेविंग / इलेक्ट्रोप्लेटिंग / वायर वर्किंग में पर्यवेक्षक के रूप में 3 वर्ष का अनुभव हो। टिप्पणी : 1. इसके अतिरिक्त भी उच्च अर्हता प्राप्त अभ्यार्थियों के संबंध में संघ लोक सेवा आयोग के विवेकाधिकार से छूट दी जा सकती है। टिप्पणी : 2 अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति से संबंधित अभ्यर्थियों के मामले में संघ लोक सेवा आयोग के विवेकाधिकार पर अनुभव से संबंधित योग्यता में छूट दी जा सकती है, यदि चुनाव के किसी स्तर पर, यदि संघ लोक सेवा आयोग का विचार हो कि उपयुक्त अनुभव रखने वाले इन समुदायों के अभ्यर्थी काफी संख्या में उनके लिए सुरक्षित रिक्त स्थानों को भरने के लिए नहीं मिलते हैं।

क्या पदोन्नति पाने वाले के मामले में सीधी भर्ती के लिए निर्धारित आयु और शैक्षणिक योग्यताएं लागू होंगी	परिवीक्षा की अवधि यदि कोई हो	भर्ती की पद्धति सीधी भर्ती द्वारा अथवा प्रतिनियुक्ति द्वारा/स्थानांतरण द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरे जाने वाले रिक्त स्थानों की प्रतिशतता	पदोन्नति, प्रतिनियुक्ति/स्थानांतरण के द्वारा भर्ती के मामले में जिन पदक्रमों से पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानांतरण देना है	यदि कोई विभागीय पदोन्नति समिति है तो उसका गठन किस प्रकार है	भर्ती करते समय जिन हालातों में संघ लोक सेवा आयोग से सलाह ली जानी है
8	9	10	11	12	13
आयु : नही शैक्षिक योग्यताएं : नही. परन्तु मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हाई स्कूल अथवा इसके समकक्ष परीक्षा अवश्य उत्तीर्ण हो।	2 वर्ष	पदोन्नति इसके न होने पर प्रतिनियुक्ति पर स्थानतांरण और इन दोनों के न होने पर सीधी भर्ती द्वारा।	पदोन्नति : फोरमैन (मोल्ड आफिस प्लाण्ट) नियुक्ति नियमित आधार पर होने के पश्चात इस पद पर 5 वर्ष की सेवा। प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण : केन्द्रीय सरकार के वे अधिकारी जिनकी 650-1200 रुपए/ 550-900 रुपए के वेतनमानों में 3/5 वर्ष की सेवा या इसके समकक्ष और कालम सं० 7 में (प्रतिनियुक्ति का समय साधारण तौर पर 3 वर्ष से अधिक नही होगा) सीधी भर्ती के लिए निर्धारित किस्म का अनुभव और योग्यताएं होने पर।	समूह 'ख' पदोन्नति समिति में सम्मिलित : (1) उप सचिव (प्रशासन) वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग) —अध्यक्ष (2) उप सचिव (एम० एण्ड पी०) वित्त मंत्रालय—सदस्य (3) उप सचिव (सी० पी० टी०) वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग) बैंकिंग प्रशाखा —सदस्य टिप्पण : स्थायित्व संबंधी पदोन्नति समिति के अलग-अलग विचारों की कार्यवाही अनुमोदनार्थ आयोग को भेजी जाएगी। लेकिन यदि आयोग के द्वारा ये अनुमोदित नही होते तो पदोन्नति समिति की एक नयी बैठक अध्यक्ष के द्वारा अथवा संघ लोक सेवा आयोग के सदस्य के द्वारा बुलायी जाएगी।	जब भी सीधी भर्ती की जाएगी, संघ लोक सेवा आयोग से सलाह लेना आवश्यक होगा।

[संख्या एफ० 8/8/78-करेंसी]

एस० एल० दत्त, अवर सचिव

MINISTRY OF FINANCE

(Deptt. of Economic Affairs)

New Delhi, the 6th November, 1979

G. S. R. 1513.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the Security Paper Mill (Class I and Class II posts) Recruitment Rules, 1968, namely :—

1. (1) These rules may be called the Security Paper Mill (Class I and Class II posts) Recruitment (Third Amendment) Rules, 1979.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Scheduled to the Security Paper Mill (Class I and Class II posts) Recruitment Rules, 1968, after serial number 4 relating to the post of the Deputy Works Manager and the entries relating thereto, the following serial number and entries shall be inserted, namely:—

Name of post	No. of posts	Classification	Scale of pay	Whether Selection Post or Non-selection Post	Age limit for direct recruits	Educational and other qualifications required for direct recruits
1	2	3	4	5	6	7
4A. Assistant Works Manager (Mould Cover Making Plant)	1	G.C.S. Group 'B' Gazetted Non-Ministerial	Rs. 840-40-1000-EB-40-1200.	Selection	Not exceeding 35 years. (Relaxable for Govt. servants). Note : The crucial date for determining the age limit shall be the closing date for receipt of applications from candidates in India (other than those in Andaman & Nicobar Islands and Lakshadweep)	Essential : (i) Diploma in Mechanical or Electrical Engineering or Fine Arts (Engraving) or Degree in Science with Chemistry as a subject from a recognised University or equivalent. (ii) 3 years' experience in a supervisory capacity in engraving/electroplating/Wire working. Note 1 : Qualifications are relaxable at the discretion of the Union Public Service Commission in case of candidates otherwise well qualified. Note 2 : The qualification regarding experience is relaxable at the discretion of the Union Public Service Commission in the case of candidates belonging to scheduled castes and Scheduled Tribes, if at any stage of selection, the Union Public Service Commission is of the opinion that sufficient number of candidates from these communities possessing the requisite experience are not likely to be available to fill up the vacancies reserved for them.

Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees	Period of probation, if any	Method of rectt. whether by direct rectt. or by deputation / transfer and percentage of the vacancies to be filled in by various methods	In case of rectt. by promotion/deputation/transfer, grades from which promotion/deputation/transfer to be made	If a DPC exists what is its composition	Circumstances in which UPSC is to be consulted in making rectt.
8	9	10	11	12	13
Age : No Educational Qualification : No, but must have passed Matriculation Examination of a recognised University or equivalent.	2 years	By promotion failing which transfer on deputation and failing both by direct recruitment.	Promotion : Foreman (Mould Office Plant) with 5 years' service rendered after appointment thereto on a regular basis. Transfer on deputation : Officers under the Central Government having 3/5 years' service in posts in the scale of Rs. 650-1200/ Rs. 550-900 or equivalent and possessing qualifications and experience of the type prescribed for direct	Group 'B' D.P.C. consisting of : (i) Deputy Secretary (Admn.) Ministry of Finance (DEA)—Chairman (ii) Deputy Secretary (M&P), Ministry of Finance—Member (iii) Deputy Secretary (CPT), Ministry of Finance (DEA), Banking Wing—Member	Consultation with the Union Public Service Commission necessary while making direct recruitment.

11	12
recruits in Col. 7 (Period of deputation shall ordinarily not exceed 3 years).	Note : The Proceeding of the DPC relating to confirmation of diverse views shall be sent to the Commission for approval. If, however, these are not approved by the Commission a fresh meeting of the DPC to be presided over by the Chairman or a Member of the Union Public Service Commission shall be held.

[No. F. 8/8/78-CY]
S. L. DUTT, Under Secy.

(व्यय विभाग)

नई दिल्ली, 26 नवम्बर, 1979

सा०का०नि० 1514.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय लागत लेखा पूल (भर्ती और सेवा की शर्तें) नियम, 1961 में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात :—

1. (1) इन नियमों का नाम केन्द्रीय लागत लेखा पूल (भर्ती और सेवा की शर्तें) संशोधन नियम, 1979 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. केन्द्रीय लागत लेखा पूल (भर्ती और सेवा की शर्तें) नियम, 1961 (जिन्हें इसमें इसके पश्चात् उक्त नियम कहा गया है) के विद्यमान नियम 4 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात:—

"4 पूल में भर्ती—पूल में सभी रिक्तियां अनुसूची 2 में अन्तर्विष्ट उपबन्धों के अनुसार प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) वह सीधी भर्ती द्वारा भरी जाएगी।"

3. उक्त नियमों की अनुसूची 2 के पैरा 1 में, मद "iv और v" तथा इससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित मदें और प्रविष्टियां रखी जाएंगी, अर्थात :—

"iv लागत लेखा अधिकारी	50 प्रतिशत प्रोन्नति द्वारा, जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) द्वारा ; 50 प्रतिशत प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) द्वारा, जिसके न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा।
v सहायक लागत लेखा अधिकारी	50 प्रतिशत प्रोन्नति द्वारा, जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) द्वारा; 50 प्रतिशत प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) द्वारा जिसके न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा।"

4. उक्त नियमों की अनुसूची 3 में, पैरा 2, के स्थान पर निम्नलिखित पैरा रखा जाएगा, अर्थात :—

"प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) द्वारा नियुक्ति के लिए अर्हताएं :—

(i) उप मुख्य लागत लेखा अधिकारी

प्रोन्नति : ज्येष्ठ लागत लेखा अधिकारी के रूप में पांच वर्ष की नियमित सेवा।

(ii) ज्येष्ठ लागत लेखा अधिकारी

प्रोन्नति : लागत लेखा अधिकारी के रूप में पांच वर्ष की नियमित सेवा।

(iii) लागत लेखा अधिकारी

प्रोन्नति : सहायक लागत लेखा अधिकारी के रूप में पांच वर्ष की नियमित सेवा।

(प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है)

केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकारों/पब्लिक सेक्टर उपक्रमों/स्वशासी या अर्ध सरकारी संगठनों के अधीन ऐसे अधिकारी, जिन्होंने भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट संस्थान या भारतीय लागत और संकर्म लेखा संस्थान की अंतिम परीक्षा या समतुल्य उत्तीर्ण कर ली है और जिनके पास ऐसी अर्हता के पश्चात् सात वर्ष का अनुभव है।

(प्रतिनियुक्ति/संविदा की अवधि साधारणतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी)।

(4) सहायक लागत लेखा अधिकारी प्रोन्नति : लागत लेखाकार के रूप में 3 वर्ष की नियमित सेवा प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण (जिसके अन्तर्गत अल्पकालिक संविदा भी है):

केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकारों/पब्लिक सेक्टर उपक्रमों/स्वशासी या अर्ध सरकारी संगठनों के अधीन ऐसे अधिकारी जिन्होंने भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट संस्थान या भारतीय लागत और संकर्म लेखा संस्थान की अंतिम परीक्षा या समतुल्य उत्तीर्ण कर ली है और जिनके पास ऐसी अर्हता के पश्चात् सात वर्ष का अनुभव है।

(प्रतिनियुक्ति/संविदा की अवधि साधारणतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी)।

टिप्पण :- प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण (जिसके अन्तर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) के लिए अधिकारियों का चयन संघ लोक सेवा आयोग के परामर्श से किया जाएगा।"

[सं०ए०-12018/2/78-ई०आई० (ए)]

लोकेन्द्र नाथ शर्मा, अवर सचिव

(Department of Expenditure

New Delhi, the 26th November, 1979

G.S.R. 1514.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the Central Cost Accounts Pool (Recruitment and Conditions of Service) Rules, 1961, namely :—

1. (1) These rules may be called the Central Cost Accounts Pool (Recruitment and Conditions of Service) Amendment Rules, 1979.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. For the existing rule 4 of the Central Cost Accounts Pool (Recruitment and Conditions of Service) Rules, 1961 (hereinafter referred to the said rules), the following rule shall be substituted namely:—

"4. Recruitment to the Pool—All vacancies in the Pool shall be filled by promotion or transfer on deputation (including short-term contract) or direct recruitment in accordance with the provisions contained in Schedule II".

3. In the Schedule II to the said rules in paragraph 1, for items "iv & v" and entries relating thereto, the following items and entries shall be substituted, namely:—

"Iv Cost Accounts Officer	50% by promotion, failing which by transfer on deputation (including short-term contract); 50% by transfer on deputation (including short-term contract), failing which by direct recruitment.
Assistant Cost Accounts Officer	50% by promotion failing which by transfer on deputation (including short-term contract); 50% by transfer on deputation (including short-term contract), failing which by direct recruitment."

4. In the Schedule III to the said rules, for paragraph 2, the following paragraph shall be substituted, namely:—

"2. Qualification for appointment by promotion/transfer on deputation (including short-term contract):—

(i) Deputy Chief Cost Accounts Officer.

Promotion :

5 years' regular service as Senior Cost Accounts Officer.

(ii) Senior Cost Accounts Officer.

Promotion :

5 years' regular service as Cost Accounts Officer.

(iii) Cost Accounts Officer.

Promotion :

5 year's regular service as Assistant Cost Accounts Officer.

Transfer on deputation (including short-term contract).

Officers under the Central Government/State Governments/Public Sector Undertakings/Autonomous or Semi-Government Organisations who have passed the final examination of the Institute of the Chartered Accountants of India or of the Institute of Costs and Works Accountants of India or equivalent and possess 7 years' post qualification experience.
(Period of deputation/contract shall ordinarily not exceed 3 years).

(iv) Assistant Cost Accounts Officer.

Promotion :

3 years' regular service as Cost Accountant.

Transfer on deputation (including short-term contract).

Officers under the Central Government/State Governments/Public Sector Undertakings/Autonomous or Semi-Government Organisations who have passed the final examination of the Institute of Chartered Accountants of India or of the Institute of Costs and Works Accountants of India or equivalent and possess 5 year's post qualification experience.
(Period of deputation/contract shall ordinarily not exceed 3 years).

Note: The selection of officers for transfer on deputation (including short-term contract) shall be made in consultation with the Union Public Service Commission.

[No. A.12018/2/78-EI(A)]

L.N. SHARMA, Under Secy.

MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS

CORRIGENDUM

New Delhi, the 3rd December, 1979

G.S.R. 1515.—In the Ministry of External Affairs Notification No. VI/401/37/79, dated the 16th August, 1979 published in the Gazette of India Extraordinary, Part II-Section 3-Sub-Section (i) dated the 16th August, 1979 under Issue No. 261 and as G.S.R. 488 (E), the following correction is to be made in the English version :—

In the fifth line, for the figure, brackets and letter "298 (e)" read "293 (e)".

[No. VI/401/37/75]

K. C. KHAWAN, Under Secy.

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

(स्वास्थ्य विभाग)

नई दिल्ली, 24 नवम्बर, 1979

सा० का० नि० 1516.—खाद्य अपमिश्रण निवारण नियम, 1955 में और संशोधन करने के लिए कतिपय नियमों का एक प्रारूप, खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम, 1954 (1954 का 37) की धारा 23 की उपधारा (1) की अपेक्षानुसार, केन्द्रीय खाद्य मानक समिति से परामर्श करने के पश्चात्, भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की अधिसूचना सं० सा० का० नि० 202, तारीख 24 जनवरी, 1979 द्वारा भारत के राजपत्र, भाग 2, खण्ड 3, उपखण्ड (i), तारीख 10 फरवरी, 1979 के पृ० 408 से 468 तक पर प्रकाशित किया गया था, जिसमें उस तारीख से, जिसको उक्त राजपत्र की प्रतियां जनता को

उपलब्ध कराई जाती हैं, पैंतालीस दिन की समाप्ति के पूर्व उन सभी व्यक्तियों से आपत्तियां और सुझाव मांगे गए थे, जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना थी।

और नियमों के उक्त प्रारूप को, उन सभी व्यक्तियों की जानकारी के लिए दोबारा प्रकाशित करना वांछनीय समझा गया है, जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना है।

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम, 1954 (1954 का 37) की धारा 23 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय खाद्य मानक समिति से परामर्श करने के पश्चात् खाद्य अपमिश्रण निवारण नियम, 1955 में और संशोधन करना चाहती है। जैसा कि उक्त उपधारा में अपेक्षित है, प्रस्तावित संशोधनों का निम्नलिखित प्रारूप उन सभी व्यक्तियों की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जा रहा है, जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना है और सूचना दी जाती है कि उक्त प्रारूप पर उस तारीख से, जिसको इस अधिसूचना वाले राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध कराई जाती हैं, साठ दिन की समाप्ति के पश्चात् विचार किया जाएगा।

ऊपर विनिर्दिष्ट अवधि की समाप्ति के पूर्व नियमों के उक्त प्रारूप की बाबत जो भी आपत्ति या सुझाव किसी व्यक्ति से प्राप्त होंगे, केन्द्रीय सरकार उन पर विचार करेगी।

नियमों का प्रारूप

1. इन नियमों का नाम खाद्य अपमिश्रण निवारण (संशोधन) नियम, 1979 है।

2. खाद्य अपमिश्रण निवारण नियम, 1955 (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त नियम कहा गया है) में, नियम 26 में,—

(क) खण्ड (छ) का लोप किया जायेगा,

(ख) खण्ड (झ) के पश्चात् स्पष्टीकरण के स्थान पर निम्नलिखित परन्तुक रखा जायेगा, अर्थात् :—

"परन्तु यह कि अमोनिया प्रक्रिया से भिन्न प्रक्रिया द्वारा बनाया गया दग्धशर्करा (कैरामेल) किसी खाद्य वस्तु में या उस पर किसी भी मात्रा में प्रयोग किया जा सकता है और अमोनिया प्रक्रिया द्वारा बनाया गया दग्धशर्करा किसी खाद्य वस्तु में या पर 2000 पी० पी० एम० से अनधिक सांद्रता में प्रयोग किया जा सकता है।"

3. उक्त नियमों के नियम 29 में, खण्ड (ठ) का लोप किया जायेगा।

4. उक्त नियमों के नियम 30 में, निम्नलिखित परन्तुक जोड़ा जायेगा, अर्थात् :—

"परन्तु यदि बैंगनी रंग (अमरन्थ) और पोस्त का रंग (पौन्शो) 4-आर, किसी खाद्य में मिलाया जायेगा तो वह 15 पी० पी० एम० से अधिक नहीं होगा।"

5. उक्त नियमों के नियम 32 में, खण्ड (ड) और "स्पष्टीकरण 2" का लोप किया जायेगा।

6. उक्त नियमों के नियम 49 में, उपनियम (7) के पश्चात् निम्नलिखित उपनियम अन्तःस्थापित किये जायेंगे, अर्थात् :—

"(8) खाद्य में अम्ल के रूप में अनुज्ञात लेक्टिक एसिड केवल आई० एस० आई० प्रमाणन चिह्न के अधीन ही बेची जायेगी।

(9) भट्ठी रीति से तैयार कत्था भट्ठी कत्था "के रूप में स्पष्टतया चिह्नित होगा।"

7. उक्त नियमों के नियम 50 में,—

(क) उपनियम (1) के पश्चात्, परन्तुक का लोप किया जायेगा,

(ख) उपनियम (1क) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जायेगा, अर्थात् :—

"(1क) एक या अधिक खाद्य वस्तुओं के लिये और एक ही राज्य में भिन्न-भिन्न स्थापनों या परिसरों के लिये भी अनुज्ञापन अधिकारी द्वारा एक अनुज्ञापत्र जारी किया जायेगा।"

(ग) उपनियम (4) के स्थान पर, निम्नलिखित उपनियम रखा जायेगा, अर्थात् :—

"(4) यदि खाद्य वस्तुएं एक से अधिक राज्यों में स्थित भिन्न-भिन्न परिसरों में विनिर्मित, भण्डारित या प्रदर्शित की जाती है तो अलग-अलग आवेदन किये जायेंगे और ऐसे प्रत्येक परिसर के बारे में अलग अनुज्ञप्ति जारी की जायेगी :

परन्तु यह कि फेरी वाले को, जिनका कारबार उसी राज्य की भिन्न-भिन्न स्थानीय सीमाओं में है, एक अनुज्ञप्ति दी जा सकेगी।"

(घ) उपनियम (5) के पश्चात्, निम्नलिखित उपनियम अन्तःस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :—

"(5क) किसी खाद्य वस्तु का विनिर्माता, वितरक, व्यवहारी या विक्रेता उस खाद्य वस्तु को, जो उस रूप में विक्रय योग्य नहीं है किन्तु जिसे विक्रय से पहले अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित किसी अलग स्थान में, साफ या तैयार किया जाना है,

'तैयार करने के लिए भण्डारित खाद्य-विक्रय के लिये नहीं' जैसी समुचित घोषणा के साथ, भण्डार में रखेगा।"

8. उक्त नियमों के नियम 53 में,—

(क) खण्ड (1) में,—

(1) उपखण्ड (घ) के स्थान पर निम्नलिखित उपखण्ड रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(घ) ग्लुकोज या ग्लुकोज शर्बत",

(2) उपखण्ड (ज) के पश्चात्, निम्नलिखित उपखण्ड अंतःस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :—

"(झ) खाद्य तेल",

(ख) खण्ड (2) में उपखण्ड (च) के पश्चात् निम्नलिखित उपखण्ड अन्तःस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :—

"(छ) मेथाइल या प्रोपाइल पैराहाइड्रासी बेनजोइक अम्ल और उसके नमक,—

(ज) प्रोप्योनिक अम्ल,

(झ) सोडियम डाइसिटेट

(ञ) सोडियम, पोटेशियम और लैक्टिक अम्ल के कैल्शियम नमक।"

(ग) अन्त में, निम्नलिखित परन्तुक और स्पष्टीकरण अन्तःस्थापित किये जायेंगे, अर्थात् :—

"परन्तु बच्चों के खाद्य में कोई नाइट्राइट या नाइट्रेट प्रयुक्त नहीं किया जाएगा।

स्पष्टीकरण—इन नियमों के प्रयोजनों के लिये, बच्चों के खाद्य से अभिप्रेत है, कोई ऐसा खाद्य जिसकी बाबत कोई लेबल, टिकट, सूचना या विज्ञापन ऐसे शब्दों, बनावट या वर्णन के रूप में होता है या रहता है जो प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः इस बात को इंगित करता है कि ऐसा खाद्य विनिर्दिष्ट रूप से शिशुओं और बच्चों के लिये तैयार किया गया है।"

9. उक्त नियमों के नियम 35 में, सारणी में,—

(क) मद 5, 6, 16, 23 और 25 तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित मदें और प्रविष्टियां रखी जायेंगी, अर्थात् :—

1	2	3
5. (क) बन्द बोतलों में फलों के स्क्वाश, क्रशेज, कार्डियल्स, फलों के शर्बत	सल्फर डाइआक्साइड	350
(ख) बन्द बोतलों में फलों के रस के सान्द्र	सल्फर डाइआक्साइड	500
6. (क) बन्द डिब्बों में मुरब्बा, जमी मरमालेड्स और परिरक्षी	सल्फर डाइआक्साइड या बेंजोइक अम्ल	40 200
(ख) बन्द बोतलों में मुरब्बा, जैली मरमालेड्स और परिरक्षी	बेंजोइक अम्ल या सल्फर डाइआक्साइड	200 100
16. (क) मीठा बनाया गया मिनरल जल	सल्फर डाइआक्साइड या बेंजोइक अम्ल	70 120
(ख) फल पेयों से भिन्न इस्तेमाल के लिए तैयार मीठे बनाए गए पेय	बेंजोइक अम्ल	120
(ग) इस्तेमाल के लिए तैयार बन्द बोतलों में मीठे किए गए फलों के पेय	सल्फर डाइआक्साइड	70
23. (क) किशमिश या बीजरहित किशमिश को छोड़कर निर्जलित सब्जियां	सल्फर डाइआक्साइड	2000
(ख) किशमिश और बीजरहित किशमिश	सल्फर डाइआक्साइड	750
25. संश्लेषिक चाशनी या शरबत	सल्फर डाइआक्साइड	600

(ख) मद 31 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात् निम्नलिखित मदें और प्रविष्टियां रखी जाएंगी, अर्थात् :—

1	2	3
32. (क) सूप (बन्द डिब्बों के सूप को छोड़कर)	सल्फर डाइआक्साइड	150
(ख) सूखे सूप	सल्फर डाइआक्साइड	1500
(ग) डिब्बों से भिन्न आधानों में पैक निर्जलित सूप मिश्रण	सल्फर डाइआक्साइड	1500
33. फलों और सब्जियों की पपड़ियां, पाउडर अंजीर	सल्फर डाइआक्साइड	600
34. पके खाद्यकों के लिए आटा	सोडियम डायसिटेट या प्रोपियोनेट्स	2500 3200
35. पके खाद्य	मेथाइल या प्रोपाइल हाइड्राक्सी, बेंजोएट या प्रोपियोनेट्स,	500 3800
36. आलू की पपड़ियां, सूखे केले और इसी प्रकार के नमकीन खाद्य	सल्फर डाइआक्साइड	600
37. घुलने योग्य काफी, घुलने योग्य चाय	बेंजोइक एसिड	120
38. मिर्च मसाले	सल्फर डाइआक्साइड	400
39. प्रकीर्ण खाद्य (जो विनिर्दिष्ट नहीं हैं)	लेक्टिक एसिड या सोडियम, पोटेसियम या कैलशियम लेक्टेट	अच्छी विनिर्माण पद्धति (जी० एम० पी०) द्वारा सीमित ;

10. उक्त नियमों के नियम 57 से, सारणी में, मद 5 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात् निम्नलिखित मदें और प्रविष्टियां अन्तः स्थापित की जाएंगी, अर्थात् :—

1	2	3
6. कैडमियम	सभी खाद्य	1.5
7. पारा	(1) मछली	1.5
	(2) अन्य खाद्य	0.5

11. उक्त नियमों के नियम 57 के पश्चात् निम्नलिखित नियम अन्त: स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

57क. फसलों के संदूषक :—नीचे दी गई सारणी के स्तम्भ (2) में विनिर्दिष्ट किसी भी खाद्य वस्तु में उसके स्तम्भ (1) में विनिर्दिष्ट कोई संदूषक उक्त सारणी के स्तम्भ (3) में विनिर्दिष्ट मात्रा से अधिक नहीं होगा ।

सारणी

संदूषक का नाम	खाद्य वस्तु	मि० ग्रा०/कि० ग्रा०
1	2	3
1. एफलाटोकिसन	मूंगफली, अन्य तिलहन का आटा, अनाज	0.3
2. पासिपोल	खाद्य	600 (खुले तौर पर या 6000 कुल के आधार पर)

टिप्पण : एफलाटोकिसन का 0.03 पी० पी० एम० प्रति कि० ग्रा० लगभग 100 भरे हुए काष्ठफल और बीज ।

12. उक्त नियमों के नियम 59 में—

"(क) प्रथम परन्तुक में,—

(1) मद 5 और उससे संबंधित प्रविष्टियों का लोप किया जायेगा ;

(2) मद 10 के पश्चात्, निम्नलिखित मद अन्तः स्थापित की जायेगी, अर्थात् :—

11. एसकार्बाइल पल्मीटेट 0.02 प्रतिशत"

(ख) तृतीय परन्तुक में, 'और बुटिलेटेड हाइड्राक्सी टौलीन (बी० एच० टी०), चाहे एकल हो या जुड़ी हुई' शब्दों, कोष्ठकों और अक्षरों का लोप किया जाएगा ।

13. उक्त नियमों के नियम 60 में,—'पोली—आक्सीएथिलीन सौर-बिटन मैनोल्टिरेट और ब्रोमिनेटेड वनस्पति तेल' शब्दों, के स्थान पर 'बसीय अम्ल के इक्षुशंकरा प्रलवण के साथ, हाइड्राक्सी प्रोपिल सेलुलोज और सोडियम लोर-इल-सल्फेट के साथ शब्द रखे जाएंगे'।

14. उक्त नियमों के भाग 13 के स्थान पर, निम्नलिखित भाग रखा जाएगा, अर्थात् :—

'भाग 13. सुवास, सुवासक एजेंट और सुवास वर्धक'।

63. सुवास की परिभाषा—सुवास ऐसे पदार्थ हैं जिनमें प्रबल गन्ध उत्पन्न करने वाले गुण होते हैं जो कि स्वाद पर भी प्रभाव डालते हैं। सुवास प्राकृतिक, समानक या बनावटी हो सकते हैं।'

'63क. सुवासों के प्रयोग पर पाबन्दी—(1) इन नियमों में अन्यथा किसी बात के होते हुए भी, कूमारिन, डाइहाइड्रो कूमारिन और सुवासक एजेंटों का प्रयोग किसी खाद्य वस्तु में नहीं किया जाएगा। सुवासक एजेंट, जहां कहीं अनुज्ञात हों, चाहे एकल या जुड़कर 300 मि० ग्रा०/कि० ग्रा० से अधिक नहीं होंगे। खमीर सत्व का प्रयोग सान्द्रता में, खाद्य के 5 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए।'

(2) खाद्य में निम्नलिखित पदार्थ, जो प्राकृतिक रूप से आ सकते हैं, नीचे इंगित स्तरों से अधिक नहीं होंगे—

	अधिकतम सीमा
1. एगरिक एसिड	100 पी पी एम
2. हाइड्रोसानिक एसिड	5 –तदैव–
3. हाइप्रिसिन	1 –तदैव–
4. सोलानिन	10 –तदैव–
5. सेफरोल	10 –तदैव–

(3) निम्नलिखित सुवासक एजेंट या सुवास वर्धक किसी खाद्य वस्तु में, सान्द्रता में नीचे इंगित सीमा से अधिक नहीं होंगे :—

1. कुनेन	
क. साधारण खाद्य	1 पी पी एम
ख. हल्का पेय	85 पी पी एम
ग. मादक पेय	300 पी पी एम
2. मोनोसोडियम ग्लूटामेट (एम एस जी)	वयस्कों के लिए खाद्य और सूप में 500 पी पी एम से अधिक नहीं (बच्चों के खाद्य पदार्थों में एम एस जी का प्रयोग नहीं किया जाएगा)।
3. एथील मेलतोल	बिस्कुट, चाकलेट और पके खाद्यों में 650 पी पी एम से अधिक नहीं।

64. सुवासों के लिए विलायक—निम्नलिखित पदार्थ, अर्थात्, डाइथिलीन ग्लाइकोल मोनाएथील ईथर ; 1, 2—डाइक्लोरोइथन, हैक्सोलीन ग्लाइकोज : 1, 1, 2, ट्राइक्लोरोएथिलीन और डाइथोल ईथर तथा निम्नलिखित से भिन्न अन्य कोई विलायक सुवास में प्रयोग नहीं किया जाएगा—

1. एथील एलकोहल,
2. प्रोपिलीन ग्लाइकोल,
3. ग्लाइसीरोल,
4. आइसो-प्रोपाइल एल्कोहल (खाद्य श्रेणी),
5. लिक्विड पैराफिन (खाद्य श्रेणी),
6. एसिटिक अम्ल, और
7. प्रोपामेडियल।

64क. सुवासों के लिए आक्सीकरण-विरोधी, इमल्सन बनाने वाले और स्थायी बनाने वाले एजेंट का प्रयोग सुवासों में अनुज्ञात आक्सीकरण विरोधी, इमल्सन बनाने और स्थायी बनाने वाले एजेंट हो सकते हैं।

15. उक्त नियमों के भाग 16क के पश्चात्, निम्नलिखित भाग रखे जाएंगे, अर्थात्:—

भाग 17—पृथक करने वाले और उभय-प्रतिरोधन एजेंट (अम्ल, क्षारीय और नमक)।

72. पृथक करने वाले एजेंटों की परिभाषा :—पृथक करने वाले एजेंट वे पदार्थ हैं जो कि लेट बनाने वाले खाद्यों के आक्सीकरक मंजन पर धातु उत्प्रेरक के प्रतिकूल प्रभाव को रोकते हैं।

73. उभय-प्रतिरोधन एजेंटों की परिभाषा :—उभय-प्रतिरोधन एजेंट वे पदार्थ हैं जिन्हें भण्डारण और प्रसंस्करण के दौरान एसिडिक और अलकेलिन परिवर्तनों का मुकाबला करने के लिए प्रयोग में लाया जाता है जिससे सुवास सुधरे और खाद्यों का स्थायीत्व बढ़े।

74. पृथक करने वाले उभय-प्रतिरोधन एजेंटों के प्रयोग पर निर्बन्धन :—जब तक कि इन नियमों में अन्यथा उपबन्धित न हो, निम्नलिखित पृथक करने वाले और उभय-प्रतिरोधन एजेंटों का प्रयोग खाद्यों के निम्नलिखित वर्गों में सान्द्रता में उनके सामने दिए गए अनुपात से अनधिक अनुपात में किया जाएगा :—

सारणी

पृथक करने वाले और उभय प्रतिरोधन एजेंटों का नाम	खाद्य-वर्ग	प्रयोग का अधिकतम स्तर (मि० ग्रा०/कि० ग्रा० प्रतिभाग)।
1	2	3
1. एसिटिक अम्ल	(1) पेयों, हल्के पेयों में ईथअम्ल, उभय-प्रतिरोधन और शमनकारी एजेंट।	जी० एम० पी० द्वारा सीमित।
	(2) डिब्बा बन्द बच्चों के खाद्यों में।	5,000
2. एडिपिक अम्ल	मिष्ठान (कनफेक्शनरी)	30,000
3. अमोनिया कार्बोनेट	पके खाद्यों, मिष्ठानों के लिए खमीर वाले एजेंट।	5,000
4. अमोनियम फासफेट मोनोबेसिक	आटे में रोटी सुधारने वाला	2,500
5. कैल्शियम ग्लुकोनेट।	मिष्ठानों में	2,500
6. कैल्शियम कार्बोनेट	अनेक खाद्यों में शमनकारी	20,000
7. कैल्शियम आक्साइड	विनिर्दिष्ट डेरी उत्पादनों में शमनकारी	2,500
8. साइट्रिक अम्ल मैलीक अम्ल फाइमरिक अम्ल	कार्बोनिटिक पेयों और जेली तथा प्रकीर्ण खाद्यों में ईथअम्ल के रूप में	जी० एम० पी० द्वारा सीमित।
9. ग्लूकोनों डेल्टा लेक्टोन	खमीर, एजेंट, नमक लगा मांस या मांस उत्पाद	5,000
10. लेक्टिक अम्ल (खाद्य वर्ग)	प्रकीर्ण खाद्यों के खमीर के रूप में	जी० एम० पी० द्वारा सीमित।

1	2	3
11. फासफोरिक अम्ल	पेय, हल्के पेय	600
12. पोलिफोसफेट जिस में छः से कम फोसफेट मोइटीज हों	(क) प्रसंस्कृत पनीर, रोटी	40,000
	(ख) दूध पदार्थ	4,000
	(ग) केक मिश्रण	10,000
	(घ) प्रोटीन खाद्य	4,000
13. टारटरिक अम्ल	खमीर	600

टिप्पण—एक वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए बने किसी खाद्य में लैक्टिक अम्ल नहीं मिलाया जाएगा । लैक्टिक अम्ल आई० एस० आई० द्वारा अधिकथित विनिर्देशों के अनुरूप भी होगा ।

भाग—18 विरंजन, परिपक्व होना और स्टार्च रूपान्तरक

75. विरंजन एजेंटों की परिभाषा—विरंजन एजेंट वे पदार्थ हैं जो खाद्यों को रंग में और आवर्धित करने के लिए प्रयोग में लाए जाते हैं ।

76. परिपक्व एजेंटों की परिभाषा—परिपक्व एजेंट वे पदार्थ हैं, जो परिवर्तन लाने के लिए प्रयोग में लाए जाते हैं तथा जिनमें ऐसे परिवर्तन होने में लम्बा समय लगता है ।

77. विरंजक या परिपक्व एजेंटों के प्रयोग पर निर्बन्धन—जब तक नियमों में अन्यथा उपबन्धित न हो, निम्नलिखित विरंजक एजेंट तथा सुवास एजेंटों का प्रयोग खाद्यों के निम्नलिखित खाद्य वर्गों में सान्द्रता में नीचे उनके सामने दिए गए अनुपात से अनधिक अनुपात में किया जाएगा :—

सारणी

विरंजक तथा सुवास एजेंटों का नाम	खाद्य-वर्ग	प्रयोग का अधिकतम स्तर मि० ग्रा०/कि० ग्रा०
1	2	3
1. एसिटोन पैराक्साइड	आटे में परिपक्व और विरंजन एजेंट	400
2. बेंजोयल पैराक्साइड	आटे में विरंजन एजेंट	100
3. कैल्शियम क्रोमेट पोटेशियम क्रोमेट	तदैव	50
4. एसकार्बिक अम्ल	आटे में सुधार करने वाला	जी० एम० पी० द्वारा सीमित ।
5. सोडियम क्लोराइड और सोडियम हाइपोक्लोराइड ।	खाद्य स्टार्च के रूपान्तरक	5,000
6. प्रोपिलीन	अनाज के आटे के लिए स्टार्च रूपान्तरक	100
7. सक्सिनिक एनहाइड्राइड	तदैव	40,000
8. सोडियम ट्राइमेटाफो स्फेट	तदैव	4,000
9. फोसफोरस अक्सीक्लोराइड ।	तदैव	1,000

भाग 19—पोषक अनुपूरक

78. नियम 32क में अधिकथित लेबल लगाने की शर्तों के अधीन रहते हुए खाद्यों में इच्छित मात्रा में विभिन्न विटामिन, अमिनों, अम्ल खनिज और आवश्यक वसीय अम्ल मिलाए जा सकते हैं ।

भाग 20—ऐंटीकेकिंग एजेंट

79. निम्नलिखित ऐन्टीकेकिंग एजेंट

(1) टेबल साल्ट, (2) प्याज और लहसुन के पाउडर (3) फलों के पाउडर, और (4) सूप के पाउडर में अकेले या मिलाकर 2.0 प्रतिशत से अनधिक की मात्रा में मिलाए जा सकते हैं, अर्थात् :—

1. कैल्शियम या मैगनेशियम के कार्बोनेट,

2. कैल्शियम या मैगनेशियम फासफेट,

3. कैल्शियम, मैगनेशियम या एल्यूमीनियम या सोडियम या सिलिकन डाई-आक्साइड के सिलिकेट,

4. एल्यूमीनियम, एमोनियम कैल्शियम, पोटैशियम या सोडियम के माईरिस्टेट, पामिटेट या स्टियरयेट ।

16. उक्त नियमों के परिशिष्ट क में, प्ररूप 6क में, सारणी में, शीर्ष बैच सं० या कोड सं० सहित स्तम्भ 2-क का लोप किया जाएगा ।

17. उक्त नियमों के परिशिष्ट ख में—

क. मद क—11, 02.08 में अनुपानतः कम कर दी जाएगी परन्तु शब्दों का लोप किया जाएगा ।

ख. मद क, 15.01 में भार के अनुसार पोटेशियम आयोडेट 40,000 भाग (25 पी० पी० एम०) में एक भाग या पोटेशियम आयोडेट 50,000 भाग (20 पी० सी० एम०) में एक भाग या समतुल्य आयोडीन के स्थान पर निम्नलिखित शब्द, अंक और अक्षर रखे जाएंगे, अर्थात् :—

"पोटेशियम आयोडेट विनिर्माता के स्तर पर 35 पी० पी० एम० से और वितरण मार्ग पर 15 पी० पी० एम० से कम नहीं होगा ।"

ग. मद क. 16.12 और उससे संबंधित प्रविष्टि के पश्चात्, निम्नलिखित अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:—

क 16, 13 मसालेदार चटनी—

मसालेदार चटनी जैसे मिर्च की चटनी का उत्पादन किसी उपयुक्त प्रकार तथा किस्म के मसालों या मसालों में एक या अधिक को मिलाकर प्राप्त की जाएगी । ऐसे मसाले स्वास्थ्यप्रद होंगे और व्यवहारतः सुसरी या कीड़ों से मुक्त होंगे । जो पदार्थ मिलाए जा सकते हैं, वे हैं —मसाले ताजे या सूखे, चीनी, नमक, सिरका, एसिटिक अम्ल, मैलीक अम्ल, प्याज लहसुन, सुवास एजेंट और अनुज्ञात परिरक्षक, अनुज्ञात स्थायिकारक और पायसीकारक । इसमें दुग्ध-शर्करा । (कैरामेल) भी हो सकती है परन्तु कोई कोलतार रंग नहीं होना चाहिए । इसमें थोड़ी मात्रा में फल और सब्जियों के गूदे या रस भी हो सकते हैं ।

एसिटिक अम्ल के रूप में कुल अम्लता 1.0 प्रतिशत से कम नहीं होनी चाहिए और कुल घुलनशील ठोस पदार्थ 10.0 प्रतिशत से कम नहीं होना चाहिए ।

(घ) मद क 21 के अन्त में निम्नलिखित परन्तुक जोड़ा जाएगा, अर्थात्:—

परन्तु "भट्टी कत्था" की दशा में शुष्क आधार पर हाइड्रोक्लोरिक अम्ल में अघुलनशील राख 1.5 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी ।

नियम 49 के उपनियम (9) के अधीन यथाअपेक्षित भट्टी कत्था चिन्हित किया जाएगा ।

[सं० पी० 15014/9/77-पी०एच० (एफ एंड एन) पी०एफ०ए०]

MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

(Department of Health)

New Delhi, the 24th November, 1979

G.S.R. 1516.—Whereas a draft of certain rules further to amend the Prevention of Food Adulteration Rules, 1955, was published as required by sub-section (1) of Section 23 of the Prevention of Food Adulteration Act, 1954 (37 of 1954), after consultation with the Central Committee for Food Standards at pages 400 to 408 of the Gazette of India, Part II, Section-3, Sub-section (i) dated 10th February, 1979, under the notification of the Government of India in the Ministry of Health and Family Welfare No. G.S.R. 202 dated the 24th January, 1979, inviting objections and suggestions from all persons likely to affected thereby before the expiry of forty-five days from the date on which the copies of the said Gazette are made available to the public.

And whereas it is considered desirable to publish the said draft rules again for the information of all persons likely to be affected thereby.

